# वेदांता ने महिलाओं की भागीदारी का लक्ष्य बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया



**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वेदांता ग्रुप ने संगठन के सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी 35 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। साथ ही #HerAtTheCore नाम से एक राष्ट्रव्यापी अभियान और लिंक्डइन के माध्यम से एक हायरिंग ड्राइव शुरू की है, जिसमें महिलाओं को खनन, धातु, तेल एवं गैस, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब उद्योग की स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण है। एनुअल सर्वे ऑफ इंडस्ट्रीज के अनुसार, भारत में 2023-24 के दौरान विभिन्न उद्योगों में प्रत्यक्ष रोजगार में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत थी, जबकि खनन और धातु जैसे मुख्य क्षेत्रों में उनकी भागीदारी अभी भी केवल लगभग 6 प्रतिशत ही है।

प्रिया अग्रवाल हेब्बर, नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, वेदांता लिमिटेड और चेयरपर्सन, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने कहा भारत की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उसकी प्रतिभा का पूरा सहयोग आवश्यक है।